Email sent
26/06/25

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद सम्भल) के अन्तर्गत जनपद सम्भल में दिनांक 23–06–2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक **23.06.2025** को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल।
2. श्री चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।
3. श्री चर्चित चौधरी, सहायक अभियन्त (SWSM), खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।
4. श्री प्रमोद, क्यू0सी0, टी.पी.आई. सम्भल।
5. श्री अभिषेक सिंह, फर्म प्रतिनिधि मै. पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल–जेवी, मुरादाबाद।
6. श्री रतनदीप, फर्म प्रतिनिधि मै. एन.के.जी.–प्राइमस(जे.वी.) नई दिल्ली।
7. श्री फैजान फारुकी, फर्म प्रतिनिधि मै. एल.सी.इन्फ्रा, अहमदाबाद।
8. श्री आशीष, डी0सी0, डी.पी.एम.यू.।

**वर्तमान समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

**1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**<u>मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।</u>**

- फर्म को आवंटित 280 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 185 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 185 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 185 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- दिनांक 23.06.2025 तक 1478 कि0मी0 के सापेक्ष 1453.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य 20 जुलाई 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान में 101735 के सापेक्ष 96005 गृह जल संयोजन किये गये हैं। 01 माह में कोई गृह जल संयोजन का कार्य नहीं किया गया है, जोकि खेद का विषय है। अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य 20 जुलाई, 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान में 187 OHT के सापेक्ष 76 नग OHT Complete व 109 नग पर कार्य प्रगति पर हैं। वर्तमान तक 59 नग OHT 75–99 प्रतिशत प्रगति की श्रेणी में हैं।
- वर्तमान में 168 पम्प हाउस पूर्ण व 17 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है।
- दिनांक 23.06.2025 तक 148 सोलर पैनल अधिष्ठापित किये गये व 04 पर कार्य प्रगति पर था।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि 20 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त ग्रामों की समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये व ओ.एच.टी. पूर्ण होने की दशा में टेस्टिंग कराकर क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि 20.07.2025 तक 22 योजनाएं पूर्ण कर रख–रखाव व संचालन प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

D/Baithak/2025/SBL/M.M. 23-06-25 FC 2 F

Scanned with OKEN Scanner

जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–

मै0 एल0सी0 इन्फा प्रा0लि0

फर्म को आवंटित 15 नग राजस्व ग्राम, 10 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।

वर्तमान तक फर्म द्वारा नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

165.00 कि0मी0 के सापेक्ष 163.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य 20 जुलाई, 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

- 10385 नग के सापेक्ष 10330 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 03 नग ओ.एच.टी. पूर्ण व 03 नग ओ.एच.टी. के कार्य प्रगति पर हैं।
- फर्म को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के समस्त कार्य दिनांक 20.07.2025 तक पूर्ण कर लिए जायें व 20 जुलाई 2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये।

— जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 :–

<u>मै0 एन0के0जी0–प्राइमस (जे0वी0) न्यू देहली :–</u>

- फर्म को आवंटित 564 नग राजस्व ग्राम, 360 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 354 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 363 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 363 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- दिनांक 23.06.2025 तक 3360.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं।
- वर्तमान तक 189090 नग के सापेक्ष 170162 गृह जल संयोजन किये गये हैं। फर्म को गृह जल संयोजन का कार्य 20 जुलाई, 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान तक मात्र 99 नग OHT पूर्ण हैं व 260 OHT पर कार्य प्रगति पर है। OHT के सम्पूर्ण कार्य तीव्रगति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- वर्तमान तक 306 सोलर पैनल पूर्ण हैं व 23 पर कार्य प्रगति पर है।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि 20.07.2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त ग्रामों की समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि 20.07.2025 तक 35 योजनाएं पूर्ण कर रख–रखाव व संचालन प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल द्वारा बताया गया है कि विगत कई माह से फर्म की प्रगति में कोई वृद्धि परिलक्षित नहीं हो रही है। शीघ्रातिशीघ्र सभी योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में शासन को पत्र प्रेषित किया जायेगा।

<u>सभी फर्मों हेतु Common दिशा–निर्देश:–</u>

- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधिकतम 20 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाये।
- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य अधिकतम दिनांक 20.07.2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जायें।
- जिन योजनाओं पर सोलर पैनल अधिष्ठापित किये जा चुके हैं, उन पर सुबह–शाम नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

D/Baithak/2025/SBJ/M.M. 23-06-25 PC 2 F

Scanned with OKEN Scanner

आई0एस0ए0 द्वारा अवशेष गृह जल संयोजन लेने हेतु ग्रामवासियों को जागरूक करें।
पेयजल योजनाओं पर शिकायत रजिस्टर व पम्प लॉग बुक उपलब्ध रहे।
योजना के समस्त कार्य समस्त एजेन्सी द्वारा 31.07.2025 तक पूर्ण कर लिये जाये।
चौपाल में ग्राम में गठित कमेटी की सूची जलकल परिसर में रखी जाये।
अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य समस्त एजेन्सियों द्वारा शीघ्र पूर्ण कर लिये जाये, ताकि सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रगति में वृद्धि हो सके।
जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण हैं उन पर ऑटोमेशन को कियाशील करायें, जिससे प्रभावी अनुश्रवण हो सके।
जिन ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामों में लीकेज होते हैं तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराते हुए पेयजलापूर्ति करायें।
यदि फर्म द्वारा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित फर्म के विरुद्ध एफ0आई0आर0 करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। यदि सड़क ठीक न होने की दशा में यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिए सम्बन्धित फर्म स्वयं जिम्मेदार होगी।
मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल द्वारा निर्देशित किया गया है कि नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकास खण्डों की पेयजल योजनाओं के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कराकर पेयजलापूर्ति करायें।
सड़क पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्ता पूर्व करायें तथा सड़को की गुणवत्ता पर टी.पी.आई. द्वारा विशेष ध्यान दिया जाये।
जिकएलम टैंक अधिष्ठापन के समय टी.पी.आई. व सम्बन्धित जू0ई0 कार्यस्थल पर उपस्थित रहें।
सड़क पुर्नस्थापित न होने की शिकायत जनप्रतिनिधियों से किये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरुद्ध एफ0आई0आर0 करा दी जाये।
पूर्ण पेयजल योजनाओं का मा0 जनप्रतिनिधियों से निरीक्षण करायें।
मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिलास्तरीय जांच अधिकारियों से सत्यापन उपरान्त ही सड़क पुर्नस्थापन का भुगतान किया जाये।
समस्त एजेन्सियों को अवगत कराया जाता है कि मोहर्रम एवं कावंड़ यात्रा प्रारम्भ होने वाली है, जिसके कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि कावंड़ यात्रा में पड़ने वाले मार्गो की मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य कावंड यात्रा से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।**
पत्रांक 3097 / बैठक-2 / 76 दिनांक 26-6-25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
3– मुख्य अभियन्ता महोदय(मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
4– अधीक्षण अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
5– जिलाधिकारी महोदय सम्भल।
6– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल।
7– समस्त कार्यरत ऐजेन्सी (जल जीवन मिशन कार्यकम)।
8– पी0एम0 टी0पी0आई0ए0 जनपद मुरादाबाद।
9– डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 सम्भल।

अधिशासी अभियन्ता

D/Baithak/2025/SBL/M.M. 23-06-25 PC 2 F

Scanned with OKEN Scanner